संपादकीय

# पद यात्रा की संभावनाएं

कोई बड़ी वैचारिक राजनीति सकारात्मक एजेंडे से खड़ी होती है- यह एक इतिहास सिद्ध बात है। इसलिए भारत जोड़ो यात्रा की कामयाबी इस पर निर्भर है कि क्या कांग्रेस लोगों को कोई नया सपना दिखा पाती है।

राहुल गांधी का यह संकल्प प्रसंशनीय है कि सात सितंबर से प्रस्तावित 'भारत जोड़ो' यात्रा में कोई साथ ना भी दे, तब भी कन्याकुमारी से साढ़े तीन हजार किलोमीटर की इस पद यात्रा को पूरा जरूर करेंगे। हालांकि इस यात्रा की पूरी योजना कांग्रेस ने बनाई है, लेकिन यह भी एक सकारात्मक बात है कि उसने इसे दलगत राजनीति से अलग रखने का निर्णय लिया है। यात्रा से गैर-सरकारी संगठनों को जोड़ने की कोशिश को भी सही दिशा में माना जाएगा। बहरहाल, कम से कम दो और शर्तें हैं, जिन्हें पूरा किए बिना संभवतः ये पद यात्रा अपने घोषित मकसद को हासिल नहीं कर पाएगी। इनमें पहली बात यह है कि पद यात्रा में शामिल होने वाले लोग पूरी यात्रा के दौरान सचमुच आम जन के बीच रहें- यानी ऐसा ना हो कि दिन भर पैदल चलने के बाद रात वे किसी सुविधाजनक होटल या स्थान पर गुजारने चले जाएं। राहुल गांधी ने कहा है कि ये यात्रा एक तपस्या है। तो उन्हें और उनके साथियों को तपस्या को उसके शब्दार्थ और भावार्थ दोनों में जीना होगा।

उन्होंने ऐसा किया, तो वे जनता से जुड़ाव बना सकेंगे और लोग उनकी बातों पर ध्यान देंगे। दूसरी बात दरअसल एक प्रश्न है। प्रश्न यह है कि जो संदेश वे लेकर जा रहे हैं, क्या उनमें देश और समाज निर्माण का कोई नया सपना है? क्या उनके पास ऐसा कोई संदेश है, जिससे लोगों में अपनी जिंदगी बेहतर होने की गुंजाइश दिखे? संविधान बचाओ या देश बचाओ जैसे नारे लोगों को बहुत नहीं जोड़ पाते हैं। कोई बड़ी वैचारिक राजनीति रक्षात्मक एजेंडे के साथ नहीं, बल्कि निर्माण के सकारात्मक एजेंडे से खड़ी होती है- यह एक इतिहास सिद्ध बात है। कांग्रेस ने आर्थिक बदहाली और बढ़ती गैर-बराबरी जैसे मुद्दों को उठाने का फैसला किया है। लेकिन लोग जानना चाहेंगे कि इन मसलों का कांग्रेस (या पदयात्रियों) के पास क्या समाधान है? अगर इन दोनों पहलुओं पर पदयात्री जनता से तादात्म्य बना पाए, तो इतनी लंबी और पांच महीनों में 12 राज्यों से गुजरने वाली इस यात्रा से वे अवश्य ही देश का माहौल बदलने में कामयाब रहेंगे।

# आरबीआई का 8 बैंकों पर शिकंजा, नियमों में ढिलाई बरतने पर लगाया मोटा जुर्माना




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक साथ 8 सहकारी बैंकों पर जुर्माना लगा दिया है। इसमें एक बैंक विशाखापट्टनम को-ऑपरेटिव बैंक भी है जिस पर आरबीआई ने 55 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इन सभी बैंकों पर नियमों में ढिलाई बरतने और निर्देशों का पालन नहीं करने का आरोप है। रिजर्व बैंक समय-समय पर ऐसी कार्रवाई करता रहता है और बैंकों को बताए दिशा-निर्देश के बारे में आगाह करता है। दरअसल, रिजर्व बैंक ने बैंकिंग रेगुलेशन के तहत नियम बनाए हैं जिनका पालन हर हाल में करना जरूरी होता है। ऐसा नहीं होने पर रिजर्व बैंक कार्रवाई करता है।

आरबीआई ने सहकारी बैंकों के खिलाफ कार्रवाई के बारे में बयान जारी किया और इसकी जानकारी दी। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स इंप्लॉईज को-ऑपरेटिव बैंक, कैलाशपुरम के खिलाफ 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केरल के पलक्कड़ जिला स्थित ओट्टापलन को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड, नं.एफ. 1647 के खिलाफ 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

इसके अलावा रिजर्व बैंक ने तेलंगाना, हैदराबाद स्थित दारुस्सलाम को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एक बयान में रिजर्व बैंक ने कहा है कि आंध्र प्रदेश में विशाखापट्टनम को-ऑपरेटिव बैंक के खिलाफ 55 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इस बैंक पर इनकम रिकॉग्निशन, एसेट क्लासिफिकेशन, प्रोविजनिंग और हाउसिंग स्कीम के फाइनेंस से जुड़े निर्देशों के उल्लंघन का आरोप है।

इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने नेल्लोर को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड, गांधी नगर, नेल्लोर जिला, आंध्रप्रदेश पर भी 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आंध्र प्रदेश के ही पूर्व गोदावरी जिले में स्थित काकीनाडा को-ऑपरेटिव टाउन बैंक लिमिटेड पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा, केंद्रपाड़ा शहरी सहकारी बैंक, केंद्रपाड़ा पर 1 लाख रुपये और राष्ट्रीय शहरी सहकारी बैंक लिमिटेड, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

आरबीआई ने कहा कि जुर्माने से जुड़ा हर मामला दंड नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित हैं और उनके द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर रोक लगाने का इरादा नहीं है। इसका अर्थ हुआ कि बैंकों पर भले जुर्माना लगाया गया है, लेकिन ग्राहकों से जुड़े किसी काम पर असर नहीं होगा। ग्राहक पहले की तरह बैंकिंग सुविधाएं लेते रहेंगे।

आरबीआई इससे पहले भी बैंकों के खिलाफ कार्रवाई कर चुका है। छोटे बैंकों से लेकर बड़े बैंक और सहकारी बैंक भी इस कार्रवाई में शामिल होते हैं। नियमों की अनदेखी या उल्लंघन के चलते रिजर्व बैंक इस तरह की कार्रवाई करता है। जुर्माने के अलावा बैंकों पर प्रतिबंध भी लगाया जाता है।

## डेटा ब्रीच के बाद आकाशा एयर ने मांगी माफी, कहा- जानबूझकर हैकिंग का कोई प्रयास नहीं




**नई दिल्ली।** भारत की नई एयरलाइन अकासा एयर ने स्वीकार किया है कि उसे डेटा उल्लंघन का सामना करना पड़ा, जिससे अनधिकृत व्यक्तियों को अपने कुछ ग्राहकों के डेटा को देखने की इजाजत मिल गई। एयरलाइन ने डेटा उल्लंघन के लिए माफी मांगते हुए कहा कि उसके सिस्टम में सेंध लगाने के लिए 'जानबूझकर हैकिंग का कोई प्रयास नहीं' किया गया। एयरलाइन ने अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा कि हमारे लॉगिन और साइन-अप सेवा से संबंधित एक अस्थायी तकनीकी कॉन्फिगरेशन एरर की सूचना हमें गुरुवार 25 अगस्त, 2022 को मिली थी।

कंपनी ने विस्तार से बताया, इस कॉन्फिगरेशन एरर के चलते, रजिस्टर्ड यूजर्स के नाम, लिंग, ईमेल पते और फोन नंबर की जानकारी अनधिकृत व्यक्तियों तक पहुंच गई। हम पुष्टि कर सकते हैं कि उपरोक्त विवरणों के अलावा, किसी भी यात्रा संबंधी जानकारी, यात्रा रिकॉर्ड या भुगतान जानकारी से समझौता नहीं किया गया है। मुंबई से अहमदाबाद के लिए 7 अगस्त को अपनी उद्घाटन उड़ान संचालित करने वाली अकासा एयर ने कहा कि उसने अपने सिस्टम से जुड़े कार्यात्मक तत्वों को पूरी तरह से बंद कर अनधिकृत पहुंच को तुरंत रोक दिया। अकासा एयर के सह-संस्थापक और मुख्य सूचना अधिकारी आनंद श्रीनिवासन ने कहा, इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक प्रोटोकॉल मौजूद हैं, हमने यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त उपाय किए हैं कि हमारे सभी सिस्टम की सुरक्षा और भी बेहतर हो।

अकासा एयर ने सीईआरटी-इन को घटना की 'स्वयं-रिपोर्ट' की। कंपनी ने कहा, हमने प्रभावित यूजर्स को भी सूचित किया है कि इस मामले की सूचना सीईआरटी-इन को दी गई है। एयरलाइन ने कहा, हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि हमारे रिकॉर्ड के आधार पर जानबूझकर हैकिंग का प्रयास नहीं किया गया।

## मुंबई, ओडिशा डूरंड कप के क्वार्टरफाइनल में

**कोलकाता ।** मुंबई सिटी एफसी और ओडिशा एफसी ने डूरंड कप 2022 में सोमवार को अपने-अपने मुकाबले जीतते हुए क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी।

मुंबई ने दिन के पहले मैच में राजस्थान युनाइटेड एफसी को 5-1 से पटखनी दी। ग्रेग स्टीवर्ट ने 10वें मिनट में मुंबई का खाता खोला, जिसके बाद लल्लियांजुआला छंगटे ने 18वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया और मेहताब सिंह ने 35वें मिनट में तीसरा गोल जडक़र पहले हाफ में ही मैच को राजस्थान की पकड़ से दूर कर दिया। दूसरे हाफ में अहमद जाजोह (63प्रतिशत) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया, जबकि विक्रम प्रताप सिंह ने 90+2 मिनट में मुंबई का पांचवा गोल किया। राजस्थान का एकलौता गोल ग्यानमर निकुम (66प्रतिशत) की ओर से आया, लेकिन इसके अलावा पूरे मैच में वह मुंबई के सामने पस्त नजऱ आयी। दूसरी ओर, ओडिशा एफसी ने क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिये सुदेवा दिल्ली एफसी को 3-0 से मात दी। ओडिशा के लिये सॉल क्रेस्पो (19प्रतिशत, 38प्रतिशत) ने दो गोल किये जबकि एक गोल जेरी (40प्रतिशत) ने जमाया।

## मेटा, जियो ने व्हाट्सऐप पर जियोमार्ट लॉन्च करने के लिए किया गठबंधन




**मुंबई ।** मेटा और जियो प्लेटफॉर्म्स ने व्हाट्सऐप पर पहली बार खरीदारी का संपूर्ण अनुभव लॉन्च करने की घोषणा की, जहां उपभोक्ता अपने व्हाट्सएप चैट के भीतर ही जियोमार्ट से खरीदारी कर सकते हैं। दुनिया में पहली बार जियोमार्ट व्हाट्सऐप पर उपलब्ध होगा और भारत के उपयोगकर्ताओं को इस योग्य बनाएगा कि वे जियोमार्ट के संपूर्ण ग्रोसरी कैटलॉग के जरिये पहले तो ब्राउज़ कर सकेंगे, कार्ट में आइटम जोड़ सकेंगे और खरीदारी को पूरा करने के लिए भुगतान भी कर सकेंगे और यह सब व्हाट्सएप चैट को छोड़े बिना संभव होगा। व्हाट्सएप से इस तरह खरीदारी कर सकने वालों में वे लोग भी शामिल होंगे, जिन्होंने पहले कभी ऑनलाइन खरीदारी नहीं की है।

मेटा के संस्थापक एवं सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, हम भारत में जियोमार्ट के साथ अपनी साझेदारी की शुरुआत करके उत्साहित हैं। यह व्हाट्सऐप पर खरीदारी का हमारा पहला संपूर्ण अनुभव है लोग अब चैट में ही जियोमार्ट से किराने का सामान खरीद सकते हैं। बिजनेस मेसैजिंग का क्षेत्र वास्तविक गति में है और इस तरह के चैट पर आधारित अनुभव आने वाले वर्षों में लोगों और व्यवसायों के बीच संवाद का भरोसेमंद तरीका बनेंगे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा, हमने भारत को दुनिया के प्रमुख डिजिटल समाज के रूप में बढ़ावा देने का सपना देखा है। 2020 में जब जियो प्लेटफॉर्म्स और मेटा ने अपनी भागीदारी की घोषणा की थी, तब मार्क और मैंने ज्यादा से ज्यादा लोगों और व्यवसायों को ऑनलाइन लाने और ऐसे नए-नए समाधान बनाने करने का विचार साझा किया था, जो हर भारतीय के दैनिक जीवन में सुविधा को बढ़ाएं।

# मुकेश अंबानी की बड़ी घोषणा : दिवाली से शुरु होगी जीओ 5जी

### नौकरियां पैदा करने में नया रिकॉर्ड बनाएगा रिलायंस




**मुंबई ।** पेट्रोलियम और दूरसंचार से लेकर खुदरा स्टोर जैसे विविध कारोबार में लगी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) के शेयरधारकों की सोमवार को हो रही 45वीं वार्षिक आम बैठक में रिलायंस समूह के मुखिया मुकेश अंबानी ने 5जी दूरसंचार सेवा को लेकर बड़ी घोषणाएं की हैं।

मुकेश अंबानी ने कहा कि 5जी सेवा दिवाली से शुरू होगी। दिसंबर 2023 तक देश के हर हिस्सा में सेवा उपलब्ध होगी। कंपनी अपनी वायर और वायरलेस सर्विस यूज करके पूरे देश में 5जी डिप्लॉय करेगी। अंबानी ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी का लक्ष्य है कि भारत 2047 तक विकसित देशों में शामिल होगा और रिलायंस इंडस्ट्री इस लक्ष्य को पाने में पूरी मदद करेगा। उन्होंने कहा, जियो 5जी दुनिया का सबसे तेज और सबसे बड़ा नेटवर्क होगा। फिक्स्ड ब्रॉडबैंड में देश दुनिया के टॉप 10 देशों में शामिल होगा। रिलायंस नई नौकरी पैदा करने में नया रिकॉर्ड बनाएगा। उन्होंने बताया कि अलग-अलग कारोबारों में कंपनी ने 2.32 लाख नौकरियां पैदा की हैं। रिलायंस रिटेल अब भारत में सबसे बड़े एंप्लॉयर्स में से एक है।

मुकेश अंबानी ने कहा कि जीओ 5जी दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत 5जी नेटवर्क होगा। अन्य ऑपरेटरों के उलट जीओ का 5जी नेटवर्क 4जी नेटवर्क पर शून्य निर्भरता के साथ स्टैंड-अलोन होगा। स्टैंड-अलोन 5जी के साथ जियो कम विलंबता, बड़े पैमाने पर मशीन-टू-मशीन कम्यूनिकेशन, 5त्र वॉयस, एज कंप्यूटिंग और नेटवर्क स्लाइसिंग और मेटावर्स जैसी नई और शक्तिशाली सेवाएं प्रदान कर सकता है।

मुकेश अंबानी ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा, 'मुझे, हमारी व्यक्तिगत बातचीत और हमारा गर्मजोशी से मिलना याद आता है। मुझे पूरी उम्मीद है कि अगले साल हम एक हाइब्रिड मोड पर मिलेंगे, जो भौतिक और डिजिटल दोनों तरीकों का एक संयोजन होगा।'

## 2 सिंतबर को जी5 पर आएगी विद्युत जामवाल की खुदा हाफिज: चैप्टर 2




विद्युत जामवाल की ऐक्शन थ्रिलर फिल्म खुदा हाफिज: चैप्टर 2 8 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। फिल्म में दर्शकों को विद्युत का जबरदस्त ऐक्शन देखने को मिला था। अब फिल्म के ओटीटी पर रिलीज की घोषणा हो गई है। यह फिल्म 2 सितंबर को जी5 पर रिलीज होगी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 10 करोड़ 14 लाख रुपये कमाए थे। अब देखना होगा कि ओटीटी पर फिल्म को दर्शकों की कैसी प्रतिक्रिया मिलेगी।

यह फिल्म 2020 में आई फिल्म खुदा हाफिज की सीक्वल है। फिल्म का लेखन और निर्देशन फारुक कबीर ने किया है। कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक, स्नेहा बिमल पारेख और राम मीरचंदानी ने पैनोरमा स्टूडियो के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया है। इस फिल्म में विद्युत के साथ शिवलीका ओबेरॉय मुख्य किरदार में नजर आई हैं। जी5 ने एक पोस्टर शेयर करके फिल्म के डिजिटल प्रीमियर की घोषणा की।

फिल्म समीर (विद्युत) और नरगिस (शिवलीका) की कहानी है। दोनों कई मुश्किलों का सामना करते हुए एक-दूसरे का साथ निभाते हैं। उनकी जिंदगी में खुशियां तब आती हैं जब वे एक बच्ची को गोद लेते हैं। हालांकि, उनकी खुशी ज्यादा दिन टिक नहीं पाती और कुछ ट्विस्ट्स के बाद बच्ची का अपहरण हो जाता है। इसके बाद समीर बच्ची को सही सलामत घर लाने के लिए खुद को समर्पित कर देता है।

## कार्तिक आर्यन के साथ बन गई रश्मिका मंदाना की जोड़ी, जल्द होगा फिल्म का ऐलान!



कार्तिक आर्यन इस वक्त काफी चर्चा में रहते हैं और इस साल बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो उनकी फिल्म भूल भुलैया 2 ने ही सबसे ज्यादा कलेक्शन किया है। लेकिन इस वक्त उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा हो रही है जिसमें उनके साथ रश्मिका मंदाना नजर आने वाली हैं। कार्तिक आर्यन के करीबी सूत्रों ने पुष्टि की है कि यह ताजा जोड़ी निश्चित रूप से बहुत जल्द, अगले सप्ताह या उसके बाद नजर आने वाली है।

इसके अलावा इस फिल्म में कई अलग किरदार भी नजर आने वाले हैं। कार्तिक आर्यन की इस फिल्म को लेकर फिलहाल किसी तरह का आधिकारिक ऐलान तो नहीं हुआ है लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म काफी शानदार होने वाली है।

## एशिया कप 2022 : हांग कांग के खिलाफ विराट कोहली का रिकॉर्ड ध्वस्त करने उतरेंगे रोहित शर्मा, इस लिस्ट में धोनी हैं नंबर 1




**नई दिल्ली ।** एशिया कप 2022 में भारत ने अपने अभियान का आगाज पाकिस्तान के खिलाफ रोमांचक जीत के साथ किया। चिर-प्रतिद्वंदी टीम को हराने के बाद टीम इंडिया का अगला मैच हांग कांग के खिलाफ 31 अगस्त बुधवार को है। इस मैच को जीतकर भारत सुपर 4 में अपनी जगह पक्की करेगा। हांग कांग के खिलाफ टीम इंडिया के जीत दर्ज करते ही रोहित शर्मा विराट कोहली का बड़ा रिकॉर्ड ध्वस्त कर देंगे। यह रिकॉर्ड है टी20आई क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने का। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने अभी तक 36 मुकाबले खेले हैं जिसमें मात्र 6 ही बार हार टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा है, वहीं 30 बार भारत जीता है। वहीं विराट कोहली की बात करें तो कोहली ने बतौर कप्तान भारत को 50 में से 30 मुकाबले जीताए हैं। अगर रोहित कल जीत दर्ज करने में कामयाब रहते हैं तो वह टी20आई क्रिकेट में भारत के दूसरे सबसे सफल कप्तान बन जाएंगे।

बतौर कप्तान भारत को सबसे ज्यादा मैच जीताने का रिकॉर्ड महेंद्र सिंह धोनी के नाम है। इस पूर्व कप्तान की अगुवाई में भारत ने 72 में से 41 मुकाबले जीते हैं।

टी20आई क्रिकेट में भारत के सबसे सफल कप्तान

धोनी - 41 जीत
विराट कोहली - 30 जीत
रोहित शर्मा - 30 जीत

पाकिस्तान पर पहले मुकाबले में जीत दर्ज करने के बाद रोहित शर्मा प्लेइंग इलेवन में मुश्किल ही बदलाव करेंगे। टॉप ऑर्डर के फेल होने के बावजूद रोहित शर्मा केएल राहुल और विराट कोहली को अधिक से अधिक मौके देना चाहेंगे ताकि वह अपनी लय हासिल करें। पाकिस्तान के खिलाफ रोहित ने पंत के ऊपर कार्तिक को खिलाया था, हांग कांग के खिलाफ भी पंत का खेलना मुश्किल ही दिखाई दे रहा है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है। अपने जीवन-साथी के साथ प्यार, अपनापन और स्नेह महसूस करें। दूसरों की दख़लअन्दाज़ी गतिरोध पैदा कर सकती है।

***वृष :*** किसी पुराने दोस्त से मुलाक़ात आपका मन ख़ुश कर देगी। तंग आर्थिक हालात के चलते कोई अहम काम बीच में अटक सकता है। ग्लानि और पछतावे में वक़्त बर्बाद न करें, बल्कि ज़िन्दगी से सीखने की कोशिश करें।

***मिथुन :*** आज के मनोरंजन में बाहर की गतिविधियों और खेल-कूद को शामिल किया जाना चाहिए। आकस्मिक मुनाफ़े या सट्टेबाज़ी के ज़रिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे। मीडिया फिल्ड से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

***कर्क :*** आज आपको अपना धन खर्च करने की जरुरत नहीं पड़ेगी क्योंकि घर का कोई बड़ा आज आपको धन दे सकता है। दोस्त और जीवनसाथी आपके लिए सुकून और ख़ुशी लेकर आएंगे।

***सिंह :*** आप अपने काम पर एकाग्रता बरक़रार रखने में दिक़्क़त महसूस करेंगे। आपके पिता की कोई सलाह आज कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ करा सकती है, कुल मिलाकर फ़ायदेमंद दिन है।

***कन्या :*** आज का दिन उम्दा है, आज के दिन अपने लिए समय निकालें और अपनी कमियों और खुबियों पर गौर फर्माएं। आपकी ओर से समर्पित दिल और बहादुरी का जज़्बा आपके जीवन-साथी को ख़ुशी दे सकता है।

***तुला :*** आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। ऐसे लोगों से जुडऩे से बचें जो आपकी प्रतिष्ठा को आघात पहुँचा सकते हैं। आर्थिक पक्ष के मजबूत होने की पूरी संभावना है।

***वृश्चिक :*** आज आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे और आप जिन कामों को करने के लिए चुनेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फ़ायदा देंगे। आपके जीवन-साथी के पारिवारिक सदस्यों की वजह से आपका दिन बेहतर हो सकता है।

***धनु :*** आज ख़ुद को उत्साही बनाए रखने के लिए अपनी कल्पनाओं में कोई ख़ूबसूरत और शानदार तस्वीर बनाएँ। दिन की शुरुआत भले ही अच्छी हो लेकिन शाम के वक्त किसी वजह से आपका धन खर्च हो सकता है।

***मकर :*** आज धन लाभ होने की संभावना तो बन रही है लेकिन ऐसा हो सकता है कि अपने गुस्सैल स्वभाव के कारण आप पैसा कमाने में सक्षम न हो पाएं। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको कई सकारात्मक चीज़ें दिलाएगी।

***कुंभ :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। निराशावादी रवैये से बचें क्योंकि यह आपकी संभावनाओं को कम कर देगा। आज आप कोई नई पुस्तक खरीदकर किसी कमरे में खुद को बंद करके पूरा दिन गुजार सकते हैं।

***मीन :*** जो लोग लघु उद्योग करते हैं उन्हें आज के दिन अपने किसी करीबी की कोई सलाह मिल सकती है जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होने की संभावना है। कोई चिट्ठी या ई-मेल पूरे परिवार के लिए अच्छी ख़बर लाएगी।

## ऐसे बनाएं 'पनीर अफगानी'



रूमाली रोटी या नॉन के साथ कौन सी सब्जी बनाएं इसे लेकर कंफ्यूज रहते हैं, तो पनीर अफगानी की रेसिपी करें ट्राय। जो बढ़ा देगी रोटी का जायका, जानें इसकी रेसिपी।

**सामग्री :**

**मैरिनेशन के लिए-** पनीर- 250 ग्राम, हंग कर्ड- 1/2 कप, कुटी काली मिर्च- 1/4 टीस्पून, नमक- 1/4 टीस्पून, बेसन- 1/4 टीस्पून, भुना जीरा पाउडर- 1/4 टीस्पून

**सफेद पेस्ट के लिए-** तेल- 1 टीस्पून, प्याज- 1, बादाम- 4, काजू- 6, मगज के बीज- 1 टेबलस्पून, हरी इलायची- 2

**ग्रेवी के लिए-** तेल- 1 टेबलस्पून, जीरा- 1/4 टीस्पून, गरम मसाला- 1/2 टीस्पून, हरी मिर्च- 4, अदरक, लहसुन पेस्ट- 1 टीस्पून, नमक स्वादानुसार, कसूरी मेथी- 1 टीस्पून, केसर के धागे- 5-6

**विधि :**

- सबसे पहले पनीर को मैरिनेट करने के लिए नमक, नींबू और थोड़ा सा अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर कम से कम 10 मिनट के लिए छोड़ दें। दूसरे मैरिनेशन के लिए ग्राइंडर में धनिया, पुदीना, प्याज, हरी मिर्च, भीगे हुए काजू, चीज स्लाइस, अदरक-लहसुन का पेस्ट थोड़े से पानी के साथ डालें। इसे पीसकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब एक बाउल में फेंटा हुआ दही और बिना चीनी की मलाई डालें। अब पेस्ट को बाउल में डालें। इसमें नमक, काली मिर्च, कसूरी मेथी, चाट मसाला, गरम मसाला और जीरा पाउडर डालें। इसे अच्छी तरह मिला लें और इस मिश्रण में पनीर को मैरिनेट करें। एक ग्रिल पैन में थोड़ा सा तेल डालकर पनीर को पकाएं। इसे एक तरफ से पकाएं और दूसरी तरफ तेज आंच पर पलट दें। एक बार ग्रिल के निशान आने के बाद, किनारे पर रख दें। ग्रेवी बनाने के लिए पैन में थोड़ा मक्खन और तेल गरम करें। इसमें तेज पत्ता, इलायची, लौंग, दालचीनी और अदरक मिलाएं। अब मैरिनेट को पैन में डालें। गाढ़ी ग्रेवी बनाने के लिए धीरे-धीरे चलाते हुए पकाएं। पैन में पनीर के टुकड़े डालें और थोड़ा सा हरा धनिया डालें। तैयार है टेस्टी अफगानी पनीर। सर्व करें गरमा-गरम।


## शब्द सामर्थ्य- 179

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 178 का हल



## सू-दोकू- 179

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.178 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |